<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–23 अक्टूबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- जल प्रबंधन एवं संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश को मिला राष्ट्रीय जल पुरस्कार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल दिल्ली में किया सम्मानित। जनपदों की श्रेणी में बांदा का पहला स्थान।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात दिवसीय सिल्क एक्सपो दो हजार चौबीस का किया शुभारंभ। रेशम के क्षेत्र में अच्छा काम करने वालों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक। 133 करोड़ की आठ विकास परियोजनाओं को मिली मंजूरी।
- प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर नामांकन का सिलसिला जारी। अम्बेडकरनगर की कटेहरी सीट पर सपा से शोभावती वर्मा और बसपा से अमित वर्मा ने भरा पर्चा।

**********

जल प्रबंधन एवं संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्तर प्रदेश को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जल संरक्षण एवं प्रबंधन में राज्य ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया। उत्तर प्रदेश की ओर से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव और आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। राज्य ने वर्ष 2023 में 17,900 से अधिक गांवों में नल जल कनेक्शन प्रदान करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के लिए पुरस्कार प्राप्त किया, जिसने हर घर नल से जल योजना के सबसे तेज कार्यान्वयन का रिकॉर्ड बनाया। इस बीच, उत्तर प्रदेश के बांदा को जल प्रबंधन और संरक्षण में असाधारण प्रयासों के लिए सर्वश्रेष्ठ जिले का भी पुरस्कार मिला । पेश है एक रिपोर्ट–

***राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की मुहिम में किए गए कार्यों और जल संरक्षण की दिशा में किए गए अभिनव प्रयोगों की तारीफ की है। प्रदेश को जल प्रबंधन के लिये पुरस्कार मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट पर बधाई दी है। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उड़ीसा को पहला और गुजरात–पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सात दिवसीय सिल्क एक्सपो 2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले महानुभावों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न पुरस्कार भी प्रदान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि हमने रेशम उत्पादन को 84 गुना बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को रेशम उत्पादन के क्षेत्र से जोड़ दिया जाए तो रेडिमेड गारमेंट के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश दुनिया के देशों में स्थान पा सकता है।

***अगर हम आधी आबादी के एक बड़े तबके को जो कार्य चाहती है अगर हम उन्हें रेशम उत्पादन के साथ जोड़ दें, प्रोसेसिंग के साथ जोड़ दें, रेडीमेड गारमेंट्स के साथ जोड़ दें, डिजाइनिंग के साथ जोड़ लें, मार्केटिंग के साथ जोड़ लें पैकेजिंग के साथ जोड़ लें तो आज दुनिया के अंदर रेडीमेड गारमेंट्स में जो छोटे–छोटे देश आज अपनी धमक बनाये हुए हैं, उनका स्थान उत्तर प्रदेश और भारत ले सकता है और इस संभावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने तमाम अन्य कदम उठाए हैं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ एसजीपीजीआई में एडवांस डायबिटीज सेंटर, टेली आईसीयू, सलोनी हार्ट सेंटर सहित एक हजार 147 करोड़ रुपये की विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कि कहा वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज के लक्ष्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश तेजी से अग्रसर है।

***पिछले साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश के अंदर जो गवर्नमेंट सेक्टर के मेडिकल कॉलजेज थे जो मात्र प्रदेश के अंदर दो हज़ार सत्रह तक प्रदेश के अंदर केवल अट्ठारह जनपदों में फैले हुए थे। आज उनकी संख्या बढ़करके चौंसठ जनपद हमारे आज ऐसे हो चुके हैं जहां कोई न कोई मेडिकल कॉलेज खड़ा है। वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की ओर हम तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। एमबीबीएस की सीट्स पहले की तुलना में दोगुने से अधिक हुई है। पी जी की सीट्स भी यूपी के अंदर पहले की तुलना में दोगुने से अधिक हुई बढ़ी है।***

**********

प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी विभागों में राज्य कर्मियों और पेंशनरों को 30 अक्टूबर तक वेतन भुगतान के आदेश दिए हैं। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि दीपावली पर्व पर प्रदेश के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को समय से वेतन का भुगतान कर दिया जाए।

**********

वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने का भी आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराये जाने की मांग को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अब आठ नवंबर को सुनवाई होगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन की पीठ ने दलील सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख दे दी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मथुरा जनपद का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान श्री योगी ने बतौर अध्यक्ष, ब्रज तीर्थ विकास परिषद की सातवीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। साथ ही जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से जनपद के विकास कार्यों तथा कानून व्यवस्था के विषय में जानकारी प्राप्त की। परिषद की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 133 करोड़ रुपए की 8 विकास योजनाओं को अपनी स्वीकृति प्रदान की। इसमें राया इंटर चेंज पर भगवान श्रीकृष्ण की विशाल प्रतिमा सहित अन्य विकास परियोजनाओं की स्वीकृति शामिल है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कल संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। पेश है एक रिपोर्ट

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आज मथुरा पहुंचने पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अलग–अलग अधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को दिशा–निर्देश भी दिये। साथ ही महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस को अलर्ट रहने का भी निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री बोर्ड की बैठक के बाद श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर गए और भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किये। मोहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।***

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर तेरह नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर नामांकन प्रकिया जारी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि कल पांच विधानसभा क्षेत्रों में 12 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये। अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा और बसपा प्रत्याशी अमित वर्मा ने नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा मीरापुर सीट से पांच प्रत्याशियों, कुंदरकी से एक, गाजियाबाद से दो और फूलपुर से दो प्रत्याशियों ने कल पर्चा दाखिल किया। गौरतलब है कि 25 अक्टूबर नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है लेकिन भाजपा की तरफ से अभी तक उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान नहीं किया गया है। कांग्रेस ने भी अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान नहीं किया है।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल आगरा में डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 90वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। समारोह में राज्यपाल ने सबसे अधिक 8 पदक जीतने वाली एसएन मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस की छात्रा अपर्णा चौरसिया सहित अन्य मेधावी छात्र–छात्राओं को 117 पदक से सम्मानित किया। इस दौरान 55 पीएचडी धारकों को उपाधि प्रदान की गयीं।

**********

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कल अयोध्या दीपोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। पर्यटन मंत्री ने कहा कि 25 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित कर राम नगरी में त्रेतायुग के दृश्य को जीवंत करने का प्रयास किया जाए। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय करके 28 से 30 अक्टूबर तक अयोध्या के विभिन्न स्थलों पर रामायण के प्रसंगों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

**********

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में बीसीसीआई की सीनियर महिला टी–20 प्रतियोगिता के ग्रुप डी मुकाबले में चंडीगढ़ ने त्रिपुरा को 8 विकेट से हरा दिया। एक अन्य मैच में रेलवे की महिला टीम ने केरल को 35 रनों से मात दी।

**********